हरिभूमि
# सोनीपत भूमि
रोहतक, शुक्रवार 15 मई 2026

तापमान
अधिकतम 44.0 डिग्री
न्यूनतम 19.6 डिग्री

13 स्वामी चेतना स्कूल का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत

14 महलाना नहर में बाढ़ आपदा की रिहर्सल, तीन को बचाया


## खबर संक्षेप

### पुलिसकर्मी का मोबाइल हैक कर खाते से 1.81 लाख रुपये उड़ाए

**सोनीपत।** साइबर ठगों ने एक पुलिसकर्मी को निशाना बनाते हुए उसके बैंक खाते से 1 लाख 81 हजार 333 रुपये निकाल लिए। जानकारी के अनुसार भैंसवान चौकी में तैनात नरेंद्र ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 8 मई को उनके व्हाट्सएप पर एक वीडियो लिंक आया था। उन्होंने लिंक पर क्लिक कर दिया, जिसके बाद उनका मोबाइल फोन हैक हो गया। कुछ देर बाद उनके बैंक खातों से लगातार ट्रांजेक्शन होने लगी। जब उन्होंने खाते की जांच की तो पता चला कि साइबर ठग उनके खाते से 1,81,333 रुपये निकाल चुके थे।

### युवक पर हमला करने का आरोपी गिरफ्तार

**सोनीपत।** थाना सदर पुलिस ने युवक पर जानलेवा हमला करने के मामले में छठे आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान विशाल पुत्र कृष्ण निवासी गांव सलीमसर माजरा के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार 29 जनवरी को भठगांव निवासी जसबीर ने शिकायत दी थी कि राकेश उर्फ लाखू उसे खेत में बने एक कोठड़े पर ले गया था। वहां पहले से मौजूद तुषार और उसके साथियों ने उस पर लाठी, डंडों, लोहे की रोड, तलवार और बर्फ तोड़ने वाले सुएं से हमला कर दिया। हमले में जसबीर की दोनों टांगें और एक हाथ टूट गया था। आरोपित उसे जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गए थे। मामले में पुलिस पहले ही पांच आरोपितों को गिरफ्तार कर चुकी थी।

## भिवानी शिक्षा बोर्ड का दसवीं का परीक्षा परिणाम जारी, 15205 में से 13938 परीक्षार्थी पास

# 497 अंक लेकर काव्यांश प्रदेश में तृतीय 91.67% रहा जिले का परीक्षा परिणाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

सीबीएसई की 12वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम बुधवार को जारी होने के बाद हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड ने वीरवार को 10वीं कक्षा के नतीजे घोषित कर दिए। इस बार सोनीपत जिले ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रदेशभर में छठा स्थान हासिल किया है। वहीं जिले के छात्र काव्यांश ने 497 अंक प्राप्त कर प्रदेश में तीसरा स्थान हासिल कर जिले का नाम रोशन किया है। परीक्षा परिणाम घोषित होते ही विद्यार्थियों में खुशी की लहर दौड़ गई। स्कूलों और घरों में जश्न का माहौल देखने को मिला। अभिभावकों के चेहरों पर भी बच्चों की सफलता को लेकर गर्व और खुशी साफ नजर आई। गौरतलब है कि सीबीएसई बोर्ड पहले ही 10वीं और 12वीं कक्षा के परिणाम जारी कर चुका था, जबकि हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड ने पहले केवल 12वीं कक्षा का परिणाम घोषित किया था। ऐसे में 10वीं कक्षा के विद्यार्थी लंबे समय से अपने परीक्षा परिणाम का इंतजार कर रहे थे। वीरवार दोपहर करीब 12 बजे बोर्ड द्वारा परिणाम घोषित किए जाने के बाद विद्यार्थियों का इंतजार खत्म हुआ। इस बार हरियाणा बोर्ड का 10वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम पिछले वर्षों की तुलना में बेहतर रहा। अच्छे परिणाम आने के बाद विद्यार्थियों ने अपने भविष्य और आगामी पढ़ाई को लेकर योजनाएं बनानी शुरू कर दी हैं।

### सोनीपत छठे स्थान पर रहा

जिले के विद्यार्थियों ने इस बार काफी शानदार प्रदर्शन किया है। 10वीं कक्षा के परीक्षा परिणामों की बात करे तो इस बार का परीक्षा परिणाम 91.67 प्रतिशत रहा। जिले के 15205 विद्यार्थियों ने 10वीं कक्षा की परीक्षा दी थी। इसमें से 13938 परीक्षार्थी पास हुए। प्रदेश में सोनीपत का परीक्षा परिणाम छठे स्थान पर रहा। वहीं प्रदेश में सबसे बेहतर परीक्षा परिणाम चरखीदादरी का रहा। जहां 96.01 प्रतिशत बच्चे पास हुए। वहीं जींद प्रदेश में दूसरे स्थान पर रहा। जींद का परीक्षा परिणाम 94.68 प्रतिशत रहा। तीसरे स्थान पर महेंद्रगढ़ रहा। महेंद्रगढ़ का परीक्षा परिणाम 93.96 प्रतिशत रहा। वहीं चौथे नंबर पर संयुक्त रूप से 93.61 प्रतिशत अंक के साथ रेवाड़ी और पानीपत रहे। जबकि पांचवे स्थान पर झज्जर का परीक्षा परिणाम 92.29 प्रतिशत रहा।

## काव्यांश का लक्ष्य इंजीनियर बनना



परीक्षा परिणामों में जिले के गांव शाहपुर तुर्क निवासी काव्यांश ने शानदार प्रदर्शन करते हुए न सिर्फ जिले में टॉप किया, बल्कि प्रदेश में तीसरा स्थान भी प्राप्त किया। काव्यांश ने बताया कि उनका सपना इंजीनियर बनना है। वह अपने सपने को पूरा करने के लिए लगातार मेहनत कर रहे हैं। काव्यांश के अभिभावकों ने बताया कि उन्हें बेटे पर नाज है। काव्यांश शुरू से ही पढ़ाई में काफी अच्छा रहा है। कभी भी पढ़ाई का बोझ नहीं लेता। यहां तक कि परीक्षाओं के बीच में परिवार में शादी समारोह भी आ गया था। काव्यांश ने न सिर्फ अपनी पढ़ाई बेहतर की, बल्कि शादी में भी शामिल हुआ। काव्यांश ने बताया कि लक्ष्य को तय करके अगर पढ़ाई की जाए तो परिणाम बेहतर प्राप्त हो सकते हैं। अपनी इस कामयाबी का श्रेय अपने माता-पिता और शिक्षकों को देते हुए काव्यांश ने कहा कि उनका लक्ष्य भविष्य में भी अपने क्षेत्र का नाम रोशन करने का रहेगा।

## ब्राइट स्कॉलर स्कूल की मनस्विता जैन जिले में द्वितीय

**सोनीपत।** सीबीएसई की कक्षा बारहवीं के परीक्षा परिणाम में ब्राइट स्कॉलर स्कूल की मनस्विता जैन ने 98.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। प्रियंवदा ने (97.8) अंक प्राप्त कर जिले में तीसरा स्थान प्राप्त किया। वहीं मुस्कान (97 .6) अंक प्राप्त कर जिले में चतुर्थ स्थान और कृति (96 .4) जिले में पांचवें स्थान पर रही। स्कूल से ओवरआल टॉपर्स मनस्विता जैन (98.6) रही, प्रियंवदा (97.8), मुस्कान (97.6) विद्यालय में क्रमश द्वितीय व तृतीय रहे। परीक्षा में शामिल हुए 149 छात्रों में से अनेक छात्रों ने 90% से अधिक अंक प्राप्त किए, 40 छात्रों ने 80% से अधिक अंक हासिल किए, 42 छात्रों ने 70% से अधिक अंक प्राप्त किए, और 49 छात्रों ने 60% से अधिक अंक अर्जित किए। ये प्रभावशाली आंकड़े छात्रों के समर्पण और लगन, तथा उनके शिक्षकों द्वारा दिए गए निरंतर मार्गदर्शन का



प्रमाण हैं। विद्यालय पहुंचने पर विद्यार्थियों व अभिभावकों का गर्मजोशी से स्वागत किया गया। स्कूल निदेशिका समीक्षा पंवार व प्राचार्या डॉ. किरण दलाल ने सभी को बधाई दी।

## आईएएस बनना चाहती है मुस्कान



गांव मलिकपुर की मुस्कान ने जिले में 494 अंक प्राप्त करके तीसरा स्थान प्राप्त किया है। किसान की बेटी मुस्कान की इस कामयाबी पर न सिर्फ परिजन बल्कि संबंधित स्कूल प्रशासन भी बेहद खुश नजर आया। मुस्कान ने बताया कि वह सिविल सर्विस परीक्षा पास करना जीवन का लक्ष्य मानकर चल रही है। इसके लिए अभी से कड़ी मेहनत करनी शुरू कर दी है। परिजनों ने बताया कि मुस्कान जो टारगेट सेट कर लेती है, उसके पूरा होने तक पीछे नही हटती। 10वीं कक्षा की परीक्षा की तैयारियों के दौरान भी उसने ऐसा ही किया था। वह हर रोज टारगेट सेट करती थी, उसी के अनुसार पढ़ाई करती थी।

## आहुलाना की अंजलि ने 500 में से 495 अंक प्राप्त किए

**गन्नौर।** गांव आहुलाना की रहने वाली अंजलि ने हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की 10वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में शानदार सफलता हासिल करते हुए जिले में दूसरा स्थान प्राप्त किया है। जय भारत पब्लिक स्कूल खेड़ी गुज्जर की छात्रा अंजलि ने 500 में से 495 अंक हासिल कर अपने स्कूल और गांव का नाम रोशन किया है। मेधावी छात्रा अंजलि ने बताया कि उसका सपना यूपीएससी परीक्षा पास कर आईएएस अधिकारी बनकर देश सेवा करना है। उसने कहा कि इसी लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए उसने दिन-रात मेहनत की और अब उसकी सफलता की शुरुआत हो चुकी है। अंजलि को विश्वास है कि वह भविष्य में यूपीएससी परीक्षा भी जरूर पास करेगी। अंजलि ने अपनी सफलता का श्रेय स्कूल के प्रधानाचार्य देवेंद्र पहल, माता-पिता और बड़ी बहन को दिया। उसने बताया कि प्रधानाचार्य समय-समय पर कक्षा में आकर विद्यार्थियों की समस्याएं सुनते और उनका समाधान करवाते थे, जिससे पढ़ाई में काफी मदद मिली। वहीं पिता सुरेश वर्मा और मां पुष्पा ने भी प्रोत्साहित किया।

### सफलता के लिए ट्यूशन जरूरी नहीं



अंजलि का मानना है कि अच्छे अंक प्राप्त करने के लिए ट्यूशन जरूरी नहीं होती। उसने बताया कि पढ़ाई में सहायता के लिए उसने कभी-कभी यूट्यूब का सहारा जरूर लिया, लेकिन ट्यूशन की आवश्यकता महसूस नहीं हुई। जब भी किसी विषय में परेशानी आई तो स्कूल के प्रधानाचार्य और शिक्षकों ने उसकी मदद की। बेटी की सफलता पर खुशी जताते हुए पिता सुरेश वर्मा और मां पुष्पा ने कहा कि अंजलि ने कड़ी मेहनत और लगन से यह मुकाम हासिल किया है।

## हड़ताल खत्म, काम पर लौटे सफाई कर्मचारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरखौदा

नगर पालिका के सफाई कर्मचारियों की लंबे समय से चल रही हड़ताल गुरुवार को समाप्त हो गई। सरकार और कर्मचारी संगठनों के बीच हुई वार्ता में कर्मचारियों की 12 मांगों पर सहमति बनने के बाद कर्मचारियों ने अपना धरना समाप्त कर काम पर लौटने का निर्णय लिया। सरकार की ओर से मांगों के समाधान के लिए डेढ़ महीने का समय मांगा गया है। खरखौदा में भी धरने पर बैठे सफाई कर्मचारियों ने अपना आंदोलन समाप्त कर दिया और करीब 14 दिनों बाद कर्मचारी दोबारा काम पर लौट आए। हड़ताल समाप्त होने से शहरवासियों ने राहत की सांस ली है, क्योंकि पिछले कई दिनों से शहर में सफाई व्यवस्था पूरी तरह प्रभावित हो रही थी। जगह-जगह कूड़े के ढेर लगने से लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। कर्मचारियों ने कहा कि सरकार के साथ हुई बातचीत सकारात्मक रही है और उनकी प्रमुख मांगों को लेकर सहमति बनी है। सरकार द्वारा तय समय सीमा में मांगों को पूरा करने का आश्वासन दिया गया है, जिसके बाद कर्मचारियों ने जनता की परेशानी को देखते हुए हड़ताल वापस लेने का फैसला लिया। धरना समाप्त होने के बाद सफाई कर्मचारियों ने नगर पालिका क्षेत्र में सफाई कार्य शुरू कर दिया। अब शहर की सफाई व्यवस्था धीरे-धीरे पटरी पर लौटने की उम्मीद जताई जा रही है। नगर प्रशासन ने भी कर्मचारियों के काम पर लौटने का स्वागत करते हुए कहा शुक्रवार सफाई का कार्य शुरू होगा।

## घूंसे मारकर युवक की हत्या, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

थाना कुंडली क्षेत्र में एक युवक की मारपीट के दौरान मौत होने का मामला सामने आया है। पुलिस ने गैर इरादतन हत्या के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। आरोपी की पहचान राम किशोर निवासी कानपुर, उत्तर प्रदेश के रूप में हुई है। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार 12 मई को गांव कुंडली निवासी धर्मेंद्र ने शिकायत दी थी कि वह एक पीजी में सुपरवाइजर है। उसी पीजी में कार्यरत रसोइया राम किशोर की साथी कर्मचारी देवराज के साथ किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। विवाद बढ़ने पर आरोपी ने देवराज के सिर पर कई घूंसे मारे और उसे धक्का देकर फर्श पर गिरा



दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।घायल देवराज को पहले नागरिक अस्पताल सोनीपत में भर्ती कराया गया। हालत गंभीर होने पर उसे पीजीआईएमएस रोहतक ट्रॉमा सेंटर रेफर किया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। मामले में थाना कुंडली पुलिस ने विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू की। उप निरीक्षक महेंद्र की टीम ने कार्रवाई करते हुए आरोपी राम किशोर को गिरफ्तार किया।

### एक्शन में मेयर, राजीव जैन ने पार्षदों के साथ किया निरीक्षण

## कालूपुर चुंगी के नव निर्मित बूस्टिंग स्टेशन को शुरू न करने पर अधिकारियों की लगाई क्लास

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

लगातार दूसरी बार मेयर का चुनाव जीतने के बाद राजीव जैन अगले ही दिन पूरी तरह एक्शन मोड में नजर आए। वीरवार सुबह करीब साढ़े पांच बजे उन्होंने पार्षदों के साथ शहर के विभिन्न वाटर बूस्टिंग स्टेशनों का निरीक्षण किया और अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि गर्मी के मौसम में पेयजल आपूर्ति किसी भी हालत में बाधित नहीं होनी चाहिए। निरीक्षण के दौरान मेयर राजीव जैन कालूपुर चुंगी के पास बने नए वाटर बूस्टिंग स्टेशन पहुंचे। यहां कई महीनों बाद भी पेयजल आपूर्ति शुरू नहीं होने और स्टेशन पर ताला बंद मिलने पर उन्होंने अधिकारियों की फोन पर जमकर क्लास लगाई। अधिकारियों ने बताया कि यहां लगी 25 हॉर्स पावर की दोनों मोटरें पर्याप्त प्रेशर से पानी नहीं उठा पा रही हैं। इस पर मेयर ने तुरंत 40 हॉर्स पावर क्षमता की मोटरें लगाने के निर्देश दिए। इसके बाद उन्होंने मुरथल गांव स्थित पंप हाउस का निरीक्षण किया। वहां सात में से केवल दो ट्यूबवेल चालू मिले, जबकि तीन ट्रांसफार्मर खराब होने के कारण बंद पड़े थे और दो ट्यूबवेलों का वाटर लेवल नीचे जा चुका था। मेयर ने अधिकारियों को सभी सातों ट्यूबवेल जल्द चालू करने के निर्देश दिए, ताकि बरसात के दिनों में जाजल क्षेत्र में आने वाली समस्या के दौरान शहर की पेयजल सप्लाई प्रभावित न हो। राजीव जैन ने महलाना रोड स्थित वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का भी निरीक्षण किया और वहां खराब पड़े ट्रांसफार्मर को तुरंत ठीक करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि भीषण गर्मी शुरू होने से पहले सभी कमियों को दूर किया जाए, ताकि शहरवासियों को पेयजल संकट का सामना न करना पड़े।



सोनीपत। बूस्टिंग स्टेशनों का जायजा लेते हुए मेयर राजीव जैन एवं अन्य।

### लापरवाही को सहन नहीं किया जाएगा

मेयर ने विभागीय अधिकारियों और कर्मचारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि उनकी लापरवाही का खामियाजा जनता नहीं भुगतेगी। उन्होंने पार्षदों से भी अपने-अपने वार्डों के वाटर बूस्टिंग स्टेशनों पर निगरानी रखने का आग्रह किया। इस दौरान पार्षद संजय ठेकेदार और राजकुमार शर्मा भी उनके साथ मौजूद रहे।

JAIN VIDYA MANDIR SR. SEC. SCHOOL
JVM For ever forward and higher
Mob. : 8708313685, 8950404576, 8950904576 (Affiliated to C.B.S.E, New Delhi)
Near Subzi Mandi, Sonipat | jvm2247252@yahoo.com | www.jvmschool.com

CBSE Class XII ( 2025-26) Result
Congratulations To ALL STUDENTS

Commerce Stream
1st 96.2% ADITYA
2nd 93% ANUSHKA
3rd 92.2% RITIK GUPTA

Humanities Stream
1st 89% VINAY
2nd 88% LOKESHWAR
3rd 86.4% BHOOMI

Science Stream
1st 88% CHHAVI
2nd 84.2% POOJA
3rd 83.4% CHAVI

Subjectwise Toppers

| NAME | MARKS | SUBJECT | NAME | MARKS | SUBJECT |
|---|---|---|---|---|---|
| Aditya | 100 | Accountancy | Aditya | 97 | Maths |
| Lokeshwar | 100 | Yoga | Chhavi | 97 | Physical Edu. |
| Ritik Gupta | 99 | English | Bhoomi | 94 | Hindi |
| Armaan, Gauri | 99 | I.P | Vaibhav | 93 | Political Science |
| Aditya | 99 | Economics | Karma | 91 | Biology |
| Anushka | 99 | Business Studies | Chhavi | 90 | Chemistry |
| Shubham | 98 | Typography | Lokeshwar | 90 | History |

Vacancy : PGT(Mathematics)
RAKESH KUMAR JAIN (President) DR. NEERU (Principal)

## खबर संक्षेप

### वन अधिनियम संशोधन पर उठे सवाल

**सोनीपत।** पर्यावरण संरक्षण समिति हरियाणा के सदस्य जीवन सिंह ने भारतीय वन अधिनियम 1927 में प्रस्तावित संशोधन का विरोध करते हुए इसे सरकार द्वारा अपनी जिम्मेदारी से बचने का प्रयास बताया है। उन्होंने कहा कि सरकार वृक्ष कटाई पर सख्त प्रावधान लागू करने, जुर्माना व सजा बढ़ाने और अधिकारियों की शक्तियां बढ़ाने की तैयारी कर रही है, लेकिन अधिकारियों की जवाबदेही तय करने पर कोई ध्यान नहीं दिया गया। जीवन सिंह ने कहा कि सख्त कानून लागू होने से कृषि वानिकी और व्यवसायिक प्रजातियों के पौधारोपण पर नकारात्मक असर पड़ेगा।

### छत्रपति शंभाजी को उनकी 369वीं जयंती पर किया नमन

**गोहाना।** पुरानी सब्जी मंडी गोहाना के समीप शहीद मदनलाल धींगड़ा पार्क में गुरुवार को छत्रपति संभाजी महाराज की 369वीं जयंती मनाई गई। समारोह में नागरिकों ने संभाजी महाराज को याद करते हुए नमन किया। मुख्य वक्ता आजाद हिंद देशभक्त मोर्चा के मुख्य संरक्षक आजाद सिंह दांगी ने कहा छत्रपति संभाजी महाराज छत्रपति शिवाजी महाराज के सबसे बड़े पुत्र अपनी अभूतपूर्व वीरता, पराक्रम और औरंगजेब के खिलाफ 9 वर्षों तक चले मराठा-मुगल युद्ध में निडरता के लिए प्रसिद्ध है। वे एक कुशल योद्धा रणनीतिकार थे जिन्होंने 160 से अधिक युद्ध लड़े और सभी युद्ध जीते। वह संस्कृत सहित 9 भाषाओं के महान विद्वान थे।

### सफाई कर्मियों की मांगों का समर्थन

**खरखौदा।** आसपास के गांवों के सामाजिक पहचान रखने वाले व्यक्ति नगरपालिका के बाहर धरना स्थल पहुंचे और सफाई कर्मचारियों की मांगों का समर्थन किया जटराणा खाप प्रधान सतीश राणा ने कहा कि सफाई कर्मचारियों की सारी मांगे जायज़ है। इसलिए समाज उनके साथ है। विकेश दहिया ने खरखौदा प्रशासन से अनुरोध किया है कि इनके साथ जोर जबरदस्ती या ज्यादती करने की कोशिश ना की जाए। उन्होंने कहा कि सफाई कर्मचारियों की हकों की लड़ाई में वे तन मन धन से इनके साथ हैं। इस मौके पर इंद्रजीत सोहटी, प्रवीण पहलादपुर - किढौली, नवीन राणा जटौला, रामकंवार कुण्डल, सुनील फिरोजपुर, स्वदेश रोहणा, राकेश सिसाना आदि मौजूद रहे।

### समाधान शिविर में पहुंची पांच शिकायतें

**खरखौदा।** उपमंडल परिसर खरखौदा में गुरुवार को आयोजित समाधान शिविर में विभिन्न विभागों से संबंधित कुल पांच शिकायतें प्राप्त हुईं। जिसकी अध्यक्षता एसडीएम अमित कुमार ने की। शिविर के दौरान एसडीएम अमित कुमार ने उपस्थित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि समाधान शिविर में आने वाली प्रत्येक शिकायत पर गंभीरता से कार्य किया जाए और उनका शीघ्र समाधान सुनिश्चित किया जाए, ताकि आमजन को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य लोगों की समस्याओं का समयबद्ध समाधान कर प्रशासनिक व्यवस्था को अधिक प्रभावी बनाना है।

---

**बढ़कर संख्या हुई 80, तैयार होंगे एकलव्य**

# खेल विभाग ने जिले में अलॉट की 11 और निजी खेल नर्सरी

## वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए फरवरी माह में नर्सरियों के लिए विभाग को प्राप्त हुए थे 271 आवेदन, 31 जनवरी को समाप्त हो गया था पिछली नर्सरियों का समय

*खेल नर्सरियों के लिए ऑनलाइन माध्यम से ही स्वीकार किए गए हैं आवेदन, प्रत्येक नर्सरी में 25 खिलाड़ी कर सकेंगे अभ्यास, नर्सरियों से जिले में बढ़ेगी खिलाड़ियों की तादाद, प्रदेश स्तर से लेकर राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सोनीपत का मान बढ़ाएंगे म्हारे बालक*

***खेल विभाग, पंचकूला मुख्यालय ने खेल नर्सरी अलॉट करने के उद्देश्य से फरवरी माह में 15 से बढ़ाकर 22 तिथि निर्धारित की थी आवेदन पत्र आमंत्रित की तारीख***

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

खिलाड़ियों की प्रतिभा को तराशने व उन्हें प्रोत्साहित करने के लिए जिले को 11 निजी खेल नर्सरियों की और सौगात मिली है। मार्च माह के अंत में खेल एवं युवा कार्यक्रम विभाग ने जिलाभर में 69 खेल नर्सरियों की सौगात देकर इन्हें अप्रैल में शुरू करवाया था। इससे पहले 23 सरकारी खेल नर्सरियों का संचालन किया जा रहा था। इनके साथ जिले में सरकारी व गैर-सरकारी खेल नर्सरियों की कुल संख्या बढ़कर अब 100 का आकड़ा पार कर चुकी हैं। विभाग के अनुसार सोनीपत में अब खेल नर्सरियों की संख्या करीब 103 हो चुकी है, जो अपने आप में एक नया कीर्तिमान माना जा रहा है। सरकार की ओर से जिले में ही खिलाड़ियों को सुविधाजनक अभ्यास की व्यवस्था कराने के लिए खेल नर्सरियों योजना प्रारंभ की गई है।



**सोनीपत।** गोहाना रोड स्थित सुभाष स्टेडियम में जिला खेल विभाग का कार्यालय।

### नियमों का होगा पालन

जिले में खेलों को बढ़ावा देने व खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से नई खेल नर्सरियों को मंजूरी दी गई है। निदेशालय के स्पष्ट निर्देश हैं कि जिन निजी खेल नर्सरियों को मंजूरी प्रदान की गई है, उन्हें खेल विभाग के निर्धारित सभी नियमों व मानकों का सख्ती से पालन करना होगा। नियमों का उल्लंघन करने पर संबंधित नर्सरी की मान्यता रद्द की जा सकती है। विभाग की प्राथमिकता है कि हर खिलाड़ी को गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण मिले।

**-मनोज कुमार,** जिला खेल अधिकारी, सोनीपत

### खेल नर्सरियों से निखरेंगी खेल प्रतिभाएं

जिले में नर्सरियों की तादाद बढ़ने से खिलाड़ियों की संख्या में भी इजाफा हो सकेगा। ऐसे में म्हारे बालक प्रदेश स्तर से लेकर राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सोनीपत का मान बढ़ाएंगे। खेल विभाग की योजना का मुख्य उद्देश्य प्रतिभाशाली खिलाड़ियों की पहचान कर उन्हें प्रारंभिक स्तर से ही गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण, बेहतर खेल सुविधाएं एवं अनुकूल वातावरण मुहैया करवाना है। प्रत्येक खेल नर्सरी में कम से कम 20 व ज्यादा से ज्यादा 25 खिलाड़ी का प्रशिक्षित किए जाने का प्रावधान रखा गया है। साथ ही चयनित खिलाड़ियों को रोजाना सुबह दो घंटे व शाम को तीन घंटे अभ्यास करवाया जाएगा। इन खिलाड़ियों की आयु 8 से 19 वर्ष के बीच निर्धारित की गई है। अधिकारियों की मानें तो योजना के तहत नर्सरी में खिलाड़ियों को बेहतर अभ्यास व रहने की सुविधा प्रदान की जाती हैं। प्रत्येक नर्सरी में 25-25 खिलाड़ियों को उनकी खेल प्रतिभा को देखते हुए भर्ती किया जाता हैं। प्रदेश सरकार की ओर से 8 से 14 आयु वर्ग के खिलाड़ियों को प्रतिमाह 1500 रुपये व 15 से 19 आयु वर्ग को 2000 रुपये प्रति माह खुराक भत्ता भी प्रदान किया जाता है।

### खेल विभाग को प्राप्त हुए थे 217 आवेदन

अधिकारियों की मानें तो पहले से चल रही खेल नर्सरियों का कार्यकाल 31 जनवरी को समाप्त हो गया था। इसके बाद फरवरी व मार्च माह में होने वाली परीक्षाओं को लेकर नर्सरियों का पुनः संचालन नहीं किया गया था, ताकि खिलाड़ियों की पढ़ाई भी बाधित न हो। ऐसे में सरकार ने नर्सरियों का अप्रैल माह में पुनः सुचारू रूप से संचालन का निर्णय लिया था। इच्छुक संस्था, अकादमी या विद्यालयों के निजी नर्सरी के लिए खेल विभाग की वेबसाइट पर फरवरी माह में 217 ऑनलाइन आवेदन प्राप्त हुए हैं। अब जिले में सरकारी व गैर-सरकारी खेल नर्सरियों का संचालन शुरू कर दिया गया है, ताकि खेलों को बढ़ावा मिल सके। इससे खिलाड़ियों को बेहतर प्रशिक्षण सुविधाएं मिलने के साथ शहरी व ग्रामीण अंचल के युवाओं को खेलों में आगे बढ़ने के अधिक अवसर प्राप्त होंगे।

---


**गन्नौर।** विधायक देवेंद्र कादियान ने विभिन्न विकास कार्यों का नारियल फोड़कर शिलान्यास करते हुए।

# नयाबांस में विधायक ने किए एक करोड़ के कार्यों के शिलान्यास

■ गांवों में विकास की नहीं रहेगी कमी : विधायक देवेंद्र कादियान

**गन्नौर।** हलके के विधायक देवेंद्र कादियान ने गुरुवार को नयाबांस गांव में करीब 1 करोड़ रुपए की लागत से होने वाले विभिन्न विकास कार्यों का नारियल फोड़कर शिलान्यास किया। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों ने विधायक का फूलमाला के साथ स्वागत कर आभार जताया। विधायक ने गांव में 10.09 लाख रुपए की लागत से धर्मपाल पूर्व सरपंच से इंद्र पूर्व सरपंच तक खेतों के रास्ते, 9.62 लाख रुपए से बिजेंद्र से सूरजमल पूर्व सरपंच तक खेतों के रास्ते, 20.59 लाख रुपए से बीपीएल प्लॉट बस्ती में गली निर्माण, 5 लाख रुपए से बीसी चौपाल रिपेयर एवं नवनिर्माण, 10 लाख रुपए से सरकारी स्कूल में पत्थर लगाने व नवीनीकरण तथा 15 लाख रुपए से सरढाना रोड पर पार्क निर्माण समेत अन्य विकास कार्यों की आधारशिला रखी। विधायक ने गांव के सरकारी स्कूल का भी निरीक्षण किया और बच्चों की पढ़ाई को लेकर शिक्षकों से चर्चा की। उन्होंने शिक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने पर जोर देते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को बेहतर शिक्षा उपलब्ध करवाना सरकार की प्राथमिकता है। विधायक ने मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को फोन कर समस्याओं का जल्द समाधान करने के निर्देश दिए।

### समाधान शिविर में लोगों की समस्याओं की हुई सुनवाई

**गन्नौर।** समाधान शिविर में एसडीएम प्रवेश कादियान ने लोगों की शिकायतें सुनी और उनके समाधान के अधिकारियों को निर्देश दिए। दरबार में दूषित पानी की समस्या, बिजली के टूटे पोल को बदलने, अवैध कब्जा व राशन कार्ड कटने, आय संबंधी व परिवार पहचान पत्र संबंधी समस्या पहुंची। समाधान शिविर में अधिकारियों को आदेश देते हुए एसडीएम प्रवेश कादियान ने कहा कि आने वाली समस्याओं को संबंधित अधिकारी गंभीरता से लें और प्राथमिकता के आधार पर उनका समाधान सुनिश्चित करें ओर साथ ही मौके पर जाकर निरीक्षण भी करे।


**गन्नौर।** समाधान शिविर में लोगों की समस्याएं सुनते एसडीएम प्रवेश कादियान।

---

# शिकायतों के त्वरित समाधान के लिए प्रशासन प्रतिबद्ध : अंकित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

गुरुवार को लघु सचिवालय में आयोजित समाधान शिविर में एसडीएम अंकित कुमार ने लोगों की समस्याएं सुनी। शिकायतों पर सुनवाई करते हुए एसडीएम अंकित कुमार संबंधित अधिकारियों को त्वरित समाधान के निर्देश दिए। एसडीएम ने कहा कि समाधान शिविर आमजन को समर्पित है। प्रत्येक शिकायत का समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से समाधान सुनिश्चित किया जाए ताकि नागरिकों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। प्रशासन समस्याओं का त्वरित समाधान करने के लिए प्रतिबद्ध है। शिविर में गांव कासंडी निवासी जयबीर द्वारा जमीन से अवैध कब्जा छुड़वाने और गांव ईशापुर खेड़ी निवासी कंवरभान ने ट्यूबल कनेक्शन लगवाने सहित विकलांग पेंशन बनवाने, फैमिली आईडी ठीक करवाने सहित अन्य शिकायतें प्राप्त हुई। इस मौके पर तहसीलदार शिखा, नायब तहसीलदार खानपुर अंजू, तहसील कल्याण अधिकारी जयदीप, एसडीओ बिजली विभाग से कपिल यादव, जन स्वास्थ्य विभाग से एसडीई सुनील कुमार, एसडीओ पीडब्ल्यूडी विभाग से अशोक कुमार, बीइओ बलजीत गहलावत, बीइओ लवल किशोर, बीइओ राजकुमार पंघाल और एएफएसओ राजेश हुडा मौजूद थे।


**गोहाना।** शिकायतें सुनते हुए एसडीएम।

# जनता वमावि बुटाना का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत


**गोहाना।** परीक्षा में अच्छा प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थी शिक्षकों के साथ।

**गोहाना।** जनता वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बुटाना के विद्यार्थियों ने एचबीएसई द्वारा जारी कक्षा 10वीं के परीक्षा परिणाम में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा जिसमें 46 में से 16 विद्यार्थियों ने मेरिट सूची में स्थान प्राप्त किया। इनमें जबकि 4 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। छात्रा दक्षिता ने 96.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया। आदित्य ने 96 प्रतिशत अंकों के साथ दूसरा और सावन ने 94.4 प्रतिशत अंकों के साथ तीसरा स्थान प्राप्त किया। शीतल ने 94.4 प्रतिशत तथा मानवी ने 91 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। जनता विद्या भवन के अध्यक्ष अजीत सिंह सांगवान, सचिव रामनिवास सांगवान, कोषाध्यक्ष राजेंद्र किंडू व प्राचार्य मनोज ने परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को अपना आशीर्वाद दिया।

**यैंक ने 500 मीटर रिंक रेस में रजत पदक तथा 300 मीटर रिंक रेस में जीता कांस्य**

# रोलर स्केटिंग में किरोड़ीमल के स्केटर्स ने बढ़ाया मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

किरोड़ीमल पब्लिक स्कूल के युवा स्केटर्स ने डी. पी .एस. स्कूल में आयोजित तृतीय ऑल इंडिया नेशनल रोलर स्केटिंग चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया। विद्यालय के निर्देशक प्रतीक जैन, एकेडमिक्स निर्देशक डॉ. एल.के. जैन तथा प्रधानाचार्या मोनिका जैन ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनकी मेहनत और लगन की सराहना की।

प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए यैंक ने 500 मीटर रिंक रेस में रजत पदक तथा 300 मीटर रिंक रेस में कांस्य पदक प्राप्त किया। वहीं नूर, ने 500 मीटर रिंक रेस में रजत पदक जीतकर विद्यालय को गौरवान्वित किया।

देश के विभिन्न हिस्सों से आए प्रतिभाशाली स्केटर्स के बीच विद्यार्थियों ने शानदार खेल भावना, आत्मविश्वास और अनुशासन का परिचय दिया। विद्यार्थियों को कोच विनोद के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण प्राप्त हुआ, जिनके सहयोग और प्रेरणा ने उनकी सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। विद्यालय परिवार ने इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए विजेता विद्यार्थियों को भविष्य की राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के लिए शुभकामनाएं दीं।


**सोनीपत।** विजेता खिलाड़ियों के साथ स्कूल स्टाफ।

---


**गन्नौर।** अंकित मल्होत्रा को जिला सचिव नियुक्त होने पर स्वागत करते शहरवासी।

### अंकित बने भाजपा युवा मोर्चा के जिला सचिव

**गन्नौर।** भाजपा युवा मोर्चा में संगठन विस्तार के तहत अंकित मल्होत्रा को जिला सचिव नियुक्त किया गया है। अंकित मल्हौत्रा की नियुक्ति के बाद कार्यकर्ताओं में खुशी का माहौल है। युवा मोर्चा पदाधिकारियों ने अंकित मल्हौत्रा को नई जिम्मेदारी मिलने पर बधाई दी। युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष प्रवीन दहिया ने कहा कि संगठन को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। वहीं अंकित मल्होत्रा ने प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल बडौली, जिलाध्यक्ष अशोक भारद्वाज व युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष प्रवीन दहिया का आभार जताते हुए कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसका वह पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निर्वहन करेंगे तथा संगठन को मजबूत बनाने के लिए कार्य करेंगे।



### आरपीएस स्कूल : स्वाति ने 99.6, ईप्शा ने 99.2, अक्षिता ने 99 व वनिशा ने 98.8 प्रतिशत अंक हासिल कर रचा इतिहास

**12वीं के 153 विद्यार्थियों ने 95 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए**

**महेंद्रगढ़।** सीबीएसई बोर्ड द्वारा 12वीं कक्षा के घोषित नतीजों में आरपीएस संस्था की विद्यार्थी स्वाति सिंह ने 99.6 प्रतिशत, ईप्शा डागा ने 99.2, अक्षिता धिमान ने 99 , वनिश जैन ने 98.8 , तन्नु ने 98.6 , उमंग यादव ने 98.6 , विशाल ने 98.4 , अंकिता ने 98.4, भाविका सिंह, मीनाक्षी भाटी, हिमाक्षी व वान्या यादव ने 98.4 , निकिता यादव ने 98.2 , वृति ने 98 फीसदी अंक हासिल कर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया। आरपीएस के 458 विद्यार्थियों ने विभिन्न विषयों में 100 में से 100 अंक हासिल किए। सीईओं इंजि. मनीष राव ने कहा कि गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी आरपीएस संस्था ने सांईंस मेडिकल एवं नॉन मेडिकल कॉमर्स व हयूमेनिटिज में अपनी परंपरा का परिणाम दिया है। आरपीएस की स्वाति सिंह ने 99.6 प्रतिशत, ईप्सा डागा ने 99.2 , अक्षिता धिमान ने 99 , वनिषा जैन ने 98.8 , तन्नु ने 98.6 , उमंग यादव ने 98.6 , विशाल ने 98.4 , अंकिता ने 98.4 , भाविका सिंह, मिनाक्षी भाटी, हिमाक्षी व वान्या यादव ने 98.4 , निकिता यादव ने 98.2 , वृति ने 98 , नमन, गरिमा, रितिका, वंशिका व चिराग ने 97.8 , धारवी यादव, अर्पित व सानवी शर्मा ने 97.6 , वंशिका सोनी, बलकेश, समृधि सारा व साईस्मृति साहू ने 97.4 , निहारिका यादव, ईशिका, साहिल, वेदांशि, तनिश कुमार, भव्या सतिजा व निर्मल ने 97.2 प्रतिशत अंक हासिल किए।


**राई।** भाजपा नेता मास्टर सतनारायण आंतिल सभी कार्यकर्ताओं और समर्थकों को जीत की बधाई देते हुए।

### भाजपा की प्रचंड जीत पर बहालगढ़ कार्यालय में बांटे लड्डू

**राई।** नगर निगम चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की प्रचंड विजय पर बहालगढ़ स्थित भाजपा कार्यालय में कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक जश्न मनाया। इस दौरान भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को लड्डू खिलाकर खुशी जाहिर की । कार्यक्रम में वरिष्ठ भाजपा नेता मास्टर सतनारायण आंतिल ने सभी कार्यकर्ताओं और समर्थकों को जीत की बधाई देते हुए कहा कि प्रदेश सरकार की जनहितकारी नीतियों और संगठन की मजबूत कार्यशैली के कारण जनता ने भाजपा पर दोबारा विश्वास जताया है। इस अवसर पर जग्गी प्रधान बहालगढ़, जींद से प्रभारी सुनील सैन, संदीप मेंबर बहालगढ़, ललित स्वामी मेंबर बहालगढ़, प्रिंस छाबड़ा, हैप्पी अटल सेवा केंद्र, दिनेश धीमान बहालगढ़, सतबीर इंदिरा कॉलोनी, सुरेश फौजी गढ़ी बाला, राजकुवार दहिया हलालपुर, ताराचंद चौहान जौशी, जगमेंद्र आंतिल दीपालपुर, अनिल पहलवान दीपालपुर, राज चौहान जौशी, राजेंद्र आंतिल मुकीमपुर व जगमेंद्र सैनी सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

---

# अनुपमा 97.4 प्रतिशत अंक लेकर ब्लॉक में रही प्रथम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा

खांडा रोड स्थित कल्पना चावला विद्यापीठ की छात्रा अनुपमा ने 97.4 प्रतिशत अंक हासिल कर खरखौदा ब्लॉक में टॉप तथा जिले में पांचवा स्थान हासिल किया है। विद्यार्थियों ने कक्षा 12 वीं सी.बी.एस.सी. बोर्ड परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया। विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। 30 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए और 50 विद्यार्थियों ने मेरिट हासिल की है। कला संकाय में अनुपमा ने 97.4%, स्नेहा ने 95.4%, स्नेहा, रामपुर - 95%, तन्नू ने 94.2%, नितिशा ने 94% अंक हासिल कर उत्कृष्ट स्थान प्राप्त किया। विज्ञान संकाय में खुशी ने 95.8 %, दीक्षु ने 95.8%, यश कुमार ने 94.6%, हिमांशी ने 94.5%, जिया ने 93.6% अंक लेकर उत्कृष्ट स्थान प्राप्त किया। वाणिज्य संकाय में आरज़ू ने 95.8%, अनुराधा ने 92% अंक हासिल कर उत्कृष्ट स्थान प्राप्त किया। अन्य विद्यार्थियों ने भी सराहनीय प्रदर्शन कर विद्यालय की उपलब्धियों में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। विद्यालय प्रबंधन समिति, प्राचार्या ऊषा वत्स एवं प्राथमिक प्रभारी रितु ने सभी शिक्षकों की मेहनत, लगन एवं कर्तव्यनिष्ठा की सराहना करते हुए उन्हें इस सफलता का श्रेय दिया।



### नाबालिग लड़की से दुष्कर्म करने के दोषी को 20 साल कैद की सजा सुनाई

**रोहतक।** जिला अदालत ने नाबालिग लड़की से दुष्कर्म के मामले में दोषी को 20 साल कैद की सजा सुनाई है। साथ ही उस पर अलग-अलग धाराओं में 65000 जुर्माना लगाया गया है जिसकी अदायगी न किए जाने पर अतिरिक्त सजा भी काटनी होगी। मामले के अनुसार, कस्बा महम के गांव में रहने वाले व्यक्ति ने जुलाई 2023 में पुलिस को शिकायत देकर बताया कि उसकी बेटी नौवीं कक्षा की छात्रा है। वह कई दिन से डरी सहमी हुई है, जब उन्होंने उससे पूछा तो उसने बताया कि पड़ोस में रहने वाले रंजन ने उससे आधार कार्ड मंगवाया था, जहां उसके साथ दुष्कर्म किया और किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी गई इसके बाद महम पुलिस ने दुष्कर्म सहित अन्य धारा के तहत केस दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया था।

**किसानों को मुआवजा दिए बगैर कंपनी और ठेकेदार ने काम शुरू किया**

# हाई पावर के बिजली खंभों का उचित मुआवजा देने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा

खेतों में लगाए जा रहे हाई पावर के बिजली खंभों व ट्रांसमिशन लाइनों के विरोध में भारतीय किसान यूनियन एकता सिद्धूपुर के जिला प्रधान बेदी दहिया के नेतृत्व में एसडीएम अमित भारद्वाज को ज्ञापन सौंपा। जिसमें बताया गया है कि निजामपुर, सोहटी, किड़ौली, प्रह्लादपुर गांवों में से बिजली की नरेला-सीकर हाईटेंशन लाइन निकाली जा रही है जिसका उचित मुआवजा किसानों को नहीं दिया जा रहा है और उचित मुआवजा दिए बगैर ही काम शुरू किया गया है, जो सरकार द्वारा बनाये गए कानून का उल्लंघन है। उन्होंने दलील दी कि 30 जनवरी 2026 को हरियाणा सरकार द्वारा जारी करे गए गैज़ेट नोटिफिकेशन में साफ तौर पर पेज नम्बर 3 के पॉइंट नम्बर 8 में लिखा है कि पीड़ति किसानों को अग्रिम एवम एकमुश्त मुआवज़ा दिया जाएगा, लेकिन सोहटी गांव में पीड़ति किसानों को मुआवज़ा दिए बगैर कंपनी एवम ठेकेदार ने काम शुरू किया, इसलिए सम्बंधित ठेकेदार एवं कम्पनी पर एफआईआर दर्ज कराई जाए। इतना ही नहीं मार्किट वैल्यू निकालने के लिए हरियाणा सरकार द्वारा 29 अप्रैल 2026 को जारी किया गया गैजेट नोटिफिकेशन किसानों के पक्ष में नहीं है जिस में लॉटरी व्यवस्था का इस्तेमाल करने की बात कही गयी है, यह लॉटरी व्यवस्था पारदर्शी नहीं है और इस से किसानों के वैल्यूएटर द्वारा लगाई गई वैल्यू की अहमियत खत्म हो जाएगी इसलिए पीड़ति किसान की ज़मीन की मार्किट वैल्यू निकालते समय पीड़ति पक्ष यानि किसानों के वैल्यूएटर की वैल्यू का स्थान भी तय प्रक्रिया में सुनिश्चित किया जाए। एसडीएम अमित भारद्वाज ने किसानों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और उनकी मांगों को संबंधित तक पहुंचाने तथा नियमानुसार कार्रवाई करने का आश्वासन दिया।


**खरखौदा।** एसडीएम को ज्ञापन सौंपते किसान यूनियन नेता

### ये रहे मौजूद

इस दौरान जिला उपाध्यक्ष समुंदर तोमर, कोऑर्डिनेटर इंद्रजीत राणा, विकास, युवा जिला प्रधान प्रवीण दहिया सुरेंद्र कुमार, दिनेश सोहटी, कैप्टन बिजेंद्र दहिया, रोहताश दहिया, कर्मबीर दहिया, अजित तुर्कपुर, विकेश दहिया, प्रवेश दहिया, स्वदेश रोहणा, नवीन राणा, बुधराम सिंह, संजय दहिया, दयानंद कुमार, बुधराम छिनौली, अजय कोहाड़, देशपाल दहिया, वतन दहिया, रामकुंवार, चुन्नी, राज दहिया हलालपुर आदि उपस्थित रहे।

## विद्यार्थियों ने बढ़ाया क्षेत्र का मान, कई विद्यालयों का परिणाम रहा शत-प्रतिशत, मेहनत का दिखा असर

# बोर्ड परीक्षा में चमके जिले के विद्यार्थी

## डीबीएम स्कूल के 50 विद्यार्थी ने मेरिट की प्राप्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

कक्षा 12वीं की परीक्षा में डीबीएम पब्लिक स्कूल मदीना का परीक्षा परिणाम शानदार रहा। विज्ञान संकाय में स्कूल का परिणाम शत-प्रतिशत रहा। मेधावी विद्यार्थियों को स्कूल के एमडी विकास मलिक ने शुभकामनाएं दी।

विज्ञान सकांय में 50 विद्यार्थियों ने मेरिट प्राप्त क। 97 प्रतिशत अंकों के साथ ईशा पुत्री राजेंद्र कुमार ने स्कूल में प्रथम, 96 प्रतिशत अंकों के साथ मुस्कान पुत्री पवन कुमार ने द्वितीय और 95.8 प्रतिशत अंकों के साथ योगेश पुत्र राजेंद्र कुमार तृतीय स्थान पर रहे। 35 बच्चों ने अंग्रेजी विषय में 100 अंक में से 96 अंक प्राप्त किए। स्कूल के एमडी विकास मलिक ने कहा कि निरंतर मेहनत व जूनून से ही सफलता प्राप्त की जा सकती है। इस अवसर पर प्राचार्य जगजीत सिंह मलिक, संदीप मलिक, विनोद अत्री, आनंद मलिक, सतीश धान्धी, सुमित कुंडू, दीपक शर्मा, संदीप हुड्डा व तमन्ना ने मेधावी विद्यार्थियों को अपना आशीर्वाद दिया।


गोहाना। प्रसन्नचित मुद्रा में डीबीएम स्कूल के मेधावी विद्यार्थी।

## 97.4 प्रतिशत अंकों के साथ अंशु बनी स्कूल टॉपर



गोहाना। गोहाना-जींद मार्ग स्थित ओम पब्लिक स्कूल का सीबीएसई द्वारा घोषित कक्षा 12वीं का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा। स्कूल की निदेशक निर्मल लाठर और प्राचार्य डॉ. मनजीत खासा ने मेधावी विद्यार्थियों को अपना आशीर्वाद दिया। कक्षा 12वीं की वार्षिक परीक्षा में मानवीय संकाय में अंशु ने 97.4 प्रतिशत अंक प्राप्त करके स्कूल को टॉप किया। विज्ञान संकाय में वाणी ने 95.4 प्रतिशत और वाणिज्य संकाय में प्रेरक ने 95.2 प्रतिशत अंक लेकर अपने-अपने संकाय में स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त किया। स्कूल के 24 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत और 52 विद्यार्थियों ने 85 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल किए।

## वाणिज्य संकाय में अनन्या प्रथम व ईशु द्वितीय



गोहाना। सीबीएसई 12वीं की परीक्षा में गांव खानपुर कलां स्थित ग्लोबल पब्लिक स्कूल का परीक्षा परिणाम शानदार रहा। स्कूल के एमडी पंकज जाले और प्राचार्या डॉ. प्रीति शर्मा ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। परीक्षा में वाणिज्य संकाय में अनन्या ने 95 प्रतिशत अंकों के साथ स्कूल में प्रथम और ईशु ने विज्ञान संकाय में 93.6 प्रतिशत अंकों के साथ दूसरा स्थान प्राप्त किया। वाणिज्य संकाय में प्रतिष्ठा ने 92.8 प्रतिशत लेकर तीसरा और अंशिका ने मानविकी में 92.4 प्रतिशत अंकों के साथ चौथा स्थान हासिल किया। स्कूल के 68 विद्यार्थियों में से 47 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी में परीक्षा उतीर्ण की और 33 विद्यार्थियों ने मेरिट प्राप्त की।


गन्नौर। मेधावी छात्रों को बधाई देते प्रबंधक राजकुमार शर्मा, प्रधानाचार्या डिंपल शर्मा व शिक्षक ।

## स्वामी चेतना स्कूल का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत

गन्नौर। स्वामी चेतना वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, टेहा का हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित दसवीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में प्रदर्शन शानदार रहा। विद्यालय के प्रबंधक राजकुमार शर्मा, प्रधानाचार्या डिंपल शर्मा ने बताया कि विद्यालय की छात्रा शिवानी ने 486/500 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं पायल ने 485/500 अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। सोनम एवं निधि ने 476/500 अंक लेकर संयुक्त रूप से तृतीय स्थान हासिल कर विद्यालय का नाम रोशन किया। स्वामी चेतना वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय का बोर्ड का बाहरवी कक्षा का परीक्षा परिणाम शानदार रहा। विद्यालय में कशिश ने 484/500 प्राप्त कर विज्ञान संकाय में प्रथम स्थान प्राप्त किया । दिव्या त्यागी ने 477/500 अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान तथा चेतना व प्रिंस ने 469/500 अंक प्राप्त किए। इनके अतिरिक्त स्थान तीसरा स्थान बच्चों ने 54 प्राप्त किया ।

## पीएस स्कूल का 12वीं का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत, विद्यार्थियों ने बढ़ाया मान



गन्नौर। हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी द्वारा घोषित 12वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में पीएस पब्लिक स्कूल, भुर्री का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। विद्यालय के निदेशक संजीव कुमार ने बताया कि कला संकाय में प्रिया ने 98.4 प्रतिशत, वाणिज्य संकाय में यशविंद्र कौशिक ने 71.4 प्रतिशत, मेडिकल संकाय में स्नेहा ने 94.6 प्रतिशत व नान मेडिकल संकाय में स्नेहा ने 94.6 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। स्कूल के 24 छात्रों ने मेरिट में स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के निदेशक संजीव कुमार ने इस सफलता का श्रेय विद्यार्थियों की मेहनत, अभिभावकों के सहयोग व शिक्षकों के मार्गदर्शन को दिया। उन्होंने सभी विद्यार्थियों, अभिभावकों व स्टाफ को बधाई दी।

## शौर्य बंसल ने 97.6 प्रतिशत अंक पाए



गन्नौर । सीबीएसई 12वीं कक्षा के घोषित परीक्षा परिणाम में गढ़ी झंझारा रोड स्थित जेपी डीएवी पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन किया। विद्यालय के प्राचार्य सुनील शर्मा ने बताया कि वाणिज्य संकाय में शौर्य बंसल ने 97.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया। विज्ञान संकाय में सोनल ने 95.6 प्रतिशत अंक प्राप्त किए, जबकि कला संकाय में इशिता जैन व दीपिका ने 97.4 प्रतिशत अंक, इसके अलावा वाणिज्य संकाय में हर्षिता व यश ने 93.4 , यश मित्तल ने 93.2 अंक लेकर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। उन्होंने उन्होंने बताया कि विद्यार्थियों ने अकाउंटेंसी, इकोनामिक्स, म्यूजिक व आईपी विषय में शत-प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं। प्राचार्य ने इस उपलब्धि पर विद्यार्थियों, शिक्षकों व अभिभावकों को बधाई देते हुए इसे मेहनत, अनुशासन व समर्पण का परिणाम बताया।

## यति ने बायोलॉजी व सुमित ने हिंदी में 98 अंक पाए



गोहाना। दून पब्लिक स्कूल गोहाना का कक्षा 12वीं का परीक्षा परिणाम सराहनीय रहा। स्कूल के 26 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी। स्कूल के प्रबंधक राजेश कुमार और प्राचार्या ज्योति छाबड़ा ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया। परीक्षा में विज्ञान संकाय में यति गोयल ने बायोलॉजी में 98 अंक, फिजिकल एजुकेशन में 96 अंक और भौतिक शास्त्र में 95 अंक प्राप्त किए। सुमित ने हिंदी में 98 अंक, फिजिकल एजुकेशन में 97 अंक और अंग्रेजी में 94 अंक प्राप्त किए। शगुन ने राजनीति शास्त्र में 95 अंक प्राप्त किए। यति गोयल ने 93.2 प्रतिशत अंक लेकर स्कूल में प्रथम स्थान, सुमित ने 93 प्रतिशत अंक लेकर द्वितीय और शगुर ने 90.4 प्रतिशत अंक प्राप्त करके तृतीय स्थान हासिल किया। प्रबंधक राजेश कुमार ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह परिणाम विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, अनुशासन और शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है।

## जेबीएच स्कूल में अरिहंत यादव ने 95% अंकों के साथ स्कूल में किया टॉप



खरखौदा। सीबीएसई द्वारा घोषित कक्षा 12वीं के परीक्षा परिणामों में जेबीएच स्कूल के विद्यार्थियों ने अपनी शैक्षणिक उत्कृष्टता प्रकट की है। स्कूल का परिणाम शत-प्रतिशत रहा। इस वर्ष की बोर्ड परीक्षा में स्कूल के होनहार छात्र अरिहंत यादव ने 95% अंक प्राप्त कर स्कूल में प्रथम स्थान हासिल किया है। अपनी सफलता का श्रेय अपने शिक्षकों और माता-पिता को देते हुए अरिहंत ने बताया कि नियमित पढ़ाई और स्कूल के शिक्षकों का सही मार्गदर्शन ही सफलता की कुंजी है। उसने कभी भी पढ़ाई को बोझ न मानकर हर विषय को गहराई से समझने की कोशिश की। प्रधानाचार्या सुमन दहिया ने अरिहंत और अन्य सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि यह परिणाम छात्रों की कड़ी मेहनत और शिक्षकों के समर्पण का फल है। जेबीएच स्कूल हमेशा से ही छात्रों के सर्वांगीण विकास और उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा के लिए प्रतिबद्ध रहा है। कई विद्यार्थियों ने विभिन्न विषयों में 90% से अधिक अंक प्राप्त करके सफलता अर्जित की है।

## नवीन बाल विकास हाई स्कूल की छात्रा अंजलि ने पाए 449 अंक



गन्नौर। गांव भिगान स्थित नवीन बाल विकास हाई स्कूल का दसवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम इस वर्ष शानदार रहा। स्कूल के निदेशक ओमप्रकाश त्यागी ने बताया कि विद्यालय की छात्रा अंजलि पुत्री कृपाल सिंह ने 449 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं अमरदीप पुत्र असेसय ने 420 अंक प्राप्त कर दूसरा तथा अभिषेक पुत्र सोहनलाल ने 400 अंक लेकर तीसरा स्थान प्राप्त किया। विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर विद्यालय प्रबंधन ने प्रसन्नता व्यक्त की। ओम प्रकाश त्यागी ने कहा कि विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग से यह उत्कृष्ट परिणाम संभव हो पाया है। उन्होंने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। स्कूल में शिक्षा के साथ-साथ विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास पर भी विशेष ध्यान दिया जाता है, जिसके सकारात्मक परिणाम लगातार देखने को मिल रहे हैं।

## सीबीएसई 12वीं परीक्षा में शाश्वत चेतना विद्यालय का शानदार प्रदर्शन



गन्नौर। सीबीएसई द्वारा घोषित कक्षा 12वीं के परीक्षा परिणाम में शाश्वत चेतना वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, गन्नौर के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। विद्यालय का परीक्षा परिणाम शानदार रहा। विद्यालय की छात्रा प्रिया ने 92.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं भूमि ने 92.4 प्रतिशत, दीप्ति ने 91.8 प्रतिशत, हिमानी ने 91.2 प्रतिशत तथा रिया ने 90.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय और अपने अभिभावकों का नाम रोशन किया। विद्यालय प्रबंधन के अनुसार इस वर्ष विद्यालय में कुल 28 विद्यार्थियों ने मेरिट सूची में स्थान प्राप्त किया, जबकि 24 विद्यार्थियों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल किए। विषयवार उत्कृष्ट प्रदर्शन में अंग्रेजी में 96 अंक, हिंदी में 95 अंक, पेंटिंग में 99 अंक, अर्थशास्त्र में 94 अंक, व्यवसाय अध्ययन में 95 अंक, जीव विज्ञान में 96 अंक तथा शारीरिक शिक्षा में 95 अंक प्राप्त किए गए।

## लखीराम मेमोरियल सेकेंडरी स्कूल के 31 विद्यार्थियों ने 80% से अधिक अंक पाए



खरखौदा। हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड ने दसवीं कक्षा का वार्षिक परिणाम घोषित किया गया। जिसमें हलालपुर स्थित लखीराम मेमोरियल सेकेंडरी स्कूल का परिणाम बेहद शानदार रहा। विद्यालय के प्राचार्य संजय कुमार ने गौरवान्वित महसूस करते हुए बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी विद्यालय का परिणाम शत-प्रतिशत रहा है, जो सभी के लिए एक बड़े गर्व की बात है। उन्होंने बताया कि इस बार विद्यालय के कुल 50 बच्चों ने परीक्षा दी थी। जिनमें से 31 विद्यार्थियों ने 80% से अधिक अंक लेकर मेरिट सूची में अपना नाम दर्ज कराया। साथ ही, 13 बच्चों ने 90% से अधिक अंक लेकर विद्यालय और अपने माता-पिता का नाम पूरे क्षेत्र में रोशन किया है। जबकि 4 विद्यार्थियों ने 60% से अधिक अंक प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया है। छात्रा अक्षिता दिनेश ने 97% अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया है। वहीं, लावण्या दीपक ने 96.4% अंकों के साथ दूसरा स्थान प्राप्त किया।

## रतिराम मेमोरियल का परिणाम शत-प्रतिशत



गन्नौर। रतिराम मेमोरियल स्कूल, खूबड़ू का हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित 12वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम भी शत-प्रतिशत रहा। विद्यालय के निदेशक रविंद्र धनखड़ ने बताया कि छात्रा शीतल ने नान मेडिकल में 93.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में पहला स्थान हासिल किया। खुशी ने मेडिकल में 86.6 प्रतिशत व दीपिका ने नान मेडिकल में 86.4 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। इसके अलावा रौनक, तन्नु, कीर्ति, बरखा, हर्षित, अनामिका व अंकित ने भी अच्छे अंक लेकर विद्यालय का नाम रोशन किया। विद्यालय प्रबंधन ने सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने बताया कि स्कूल का हर वर्ष परीक्षा परिणाम बेहतर रहता है। यह स्कूल के लिए बड़े गर्व की बात है।

## काव्यांश और मुस्कान की उपलब्धि उनके परिवार के साथ पूरे क्षेत्र की उपलब्धि : कृष्णा गहलावत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राई



हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की दसवीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सोनीपत जिले का नाम रोशन करने वाले राई हल्के के मेधावी विद्यार्थियों को क्षेत्र की विधायक कृष्णा गहलावत ने फोन कर बधाई दी। विधायक ने गांव शाहपुर तुर्क निवासी काव्यांश पुत्र विकास कटारिया द्वारा जिले में प्रथम स्थान तथा गांव मलिकपुर की छात्रा मुस्कान पुत्री सत्यप्रकाश द्वारा जिले में तृतीय स्थान प्राप्त करने पर प्रसन्नता व्यक्त की। विधायक कृष्णा गहलावत ने दोनों विद्यार्थियों से फोन पर बातचीत कर उनकी सफलता की सराहना करते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के बच्चों ने शिक्षा के क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन कर पूरे जिले का गौरव बढ़ाया है।

### ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थी नए कीर्तिमान स्थापित कर रहे

ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थी लगातार मेहनत और लगन से नए कीर्तिमान स्थापित कर रहे हैं, जो अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणास्रोत हैं। विधायक कृष्णा गहलावत ने कहा कि काव्यांश और मुस्कान की यह उपलब्धि केवल उनके परिवार के साथ पूरे क्षेत्र की उपलब्धि है। इस तरह की सफलता से अन्य बच्चों में भी शिक्षा के प्रति उत्साह बढ़ेगा।

## दिक्षु ने विज्ञान संकाय में 98.6 प्रतिशत किए प्राप्त



गोहाना। कटवाल गांव स्थित लिटिल जैम्स स्कूल का कक्षा 12वीं का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। परीक्षा में स्कूल के 45 विद्यार्थियों में से 6 ने 95 प्रतिशत से अधिक अंक, 15 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अंक, 29 विद्यार्थियों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक और 40 विद्यार्थियों ने 75 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल किए। स्कूल के प्रबंधक विजेन्द्र दूहन और प्राचार्या सुनीता सिंह ने विद्यार्थियों को सम्मानित किया। विज्ञान संकाय में छात्रा दिक्षु कटवाल ने 98.6 प्रतिशत अंक हासिल करके स्कूल में पहला और प्रदेश में तीसरा स्थान हासिल किया। दीप्त लाठ 98 प्रतिशत अंकों के साथ स्कूल में दूसरे और सोनिका जौली 97.8 प्रतिशत अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रही। इनके अलावा छात्रा श्वेता भैंसवाल ने 97.6 प्रतिशत, तनिषा कटवाल ने 96.8 प्रतिशत, पायल भैंसवाल ने 95.6 प्रतिशत, वसुंधरा बलि ने 94.8 प्रतिशत, तनिषा, खुशबू और कंचन भैंसवाल ने 93.6 प्रतिशत अंक हासिल किए। छात्र तनिष भैंसवल ने 93 प्रतिशत और खुशी ने 90.8 प्रतिशत अंक लिए।

## हनी मॉडर्न स्कूल के 11 विद्यार्थियों ने मेरिट सूची में स्थान किया प्राप्त

राई। सीबीएसई द्वारा घोषित दसवीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में हनी मॉडर्न स्कूल, जीटी रोड बहालगढ़ के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया। विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। स्कूल के 11 विद्यार्थियों ने मेरिट सूची में स्थान प्राप्त किया, जबकि सभी विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी में परीक्षा उत्तीर्ण की। स्कूल निदेशक सतनारायण आंतिल ने बताया कि विद्यालय की छात्रा अंशिका दीपालपुर ने 484 अंक प्राप्त कर 96.8 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं मानस राई ने 467 अंक लेकर 93.4 प्रतिशत के साथ दूसरा तथा दीपांशु राई ने 452 अंक प्राप्त कर 90.4 प्रतिशत के साथ तीसरा स्थान प्राप्त किया। उन्होंने बताया कि यह परिणाम विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है।

## जेकेआर की छात्रा नीतू ने 94% अंक लेकर स्कूल में प्रथम स्थान किया प्राप्त

गोहाना। सीबीएसई 12वीं कक्षा में जेकेआर पब्लिक स्कूल गोहाना का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। स्कूल के एमडी राजबीर राठी और प्राचार्य महेन्द्र पाराशर ने परीक्षा में अच्छे अंक लेने वाले विद्यार्थियों को आशीर्वाद दिया। परीक्षा में छात्रा नीतू ने 94 प्रतिशत अंक लेकर स्कूल में प्रथम स्थान, अंशिका ने 92 प्रतिशत अंक लेकर द्वितीय स्थान व सिमरन ने 91 प्रतिशत अंक लेकर तृतीय स्थान प्राप्त किया। विषयानुसार सर्वाधिक अंक हिन्दी में अंशिका ने 99 अंक, अंग्रेजी में खुशी ने 96 अंक, भूगोल में सिमरन ने 96 अंक, राजनीति शास्त्र में नीतू ने 93 अंक, कम्प्यूटर में नीतू ने 95 अंक, भौतिक शास्त्र में राम ने 87 अंक, रसायनशास्त्र में रिया ने 85 अंक, जीव विज्ञान में हर्षित ने 93 अंक व गणित में रिया ने 94 अंक प्राप्त किए।

## छात्रा नीरज 96 प्रतिशत अंकों के साथ बनी स्कूल की टॉपर



गोहाना। मेधावी विद्यार्थियों का फूलों की मालाओं से सम्मान प्रकट करते हुए।

गोहाना। सीबीएसई कक्षा 12वीं की परीक्षा में सोनीपत मार्ग स्थित शेर सिंह पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का सराहनीय प्रदर्शन किया। परीक्षा में स्कूल के 54 विद्यार्थियों में से 27 ने मेरिट प्राप्त की। स्कूल के एमडी महेंद्र सिंह मलिक ने परीक्षा में सराहनीय प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को आशीर्वाद देकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। परीक्षा में नीरज पुत्री संजय ने 96 प्रतिशत अंक लेकर स्कूल को टॉप किया। अंशिका पुत्री सतीश ने 95.8 प्रतिशत अंकों के साथ दूसरा और तन्नू पुत्री अनिल ने 95 प्रतिशत अंक लेकर तीसरा स्थान हासिल किया। विषयवार उत्कृष्ट प्रदर्शन में संगीत विषय में हिमांशी, कीर्ति, अंशिका और तन्नू ने पूरे 100 अंक प्राप्त किए। पेंटिंग विषय में कीर्ति और श्रद्धा ने पूरे सौ अंक लिए। हिंदी विषय में नीरज ने 99 अंक अंग्रेजी में शौर्य ने 98 अंक, राजनीति विज्ञान में नीरज ने 98 अंक, भूगोल में तन्नू और अंशिका ने 95 अंक, इतिहास में कोमल ने 97 अंक, रसायन विज्ञान में निशा ने 93 अंक, जीव विज्ञान में शिवम ने 92 अंक और वाणिज्य में शौर्य ने 95 अंक प्राप्त किए

## जेएलएन स्कूल की अनन्या 97.63% के साथ बनीं टॉपर




गोहाना। जेएलएन वमावि गोहाना के विद्यार्थियों ने 10वीं की परीक्षा परिणाम में शानदार प्रदर्शन किया। परीक्षा में विद्यालय के कुल 93 विद्यार्थियों में से 38 ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक, 72 विद्यार्थियों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक तथा 79 विद्यार्थियों ने 75 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। इन विद्यार्थियों को विद्यालय के एमडी सुनील शर्मा और प्राचार्य डॉ. सचिन शर्मा ने अपना आशीर्वाद दिया। परीक्षा में अनन्या पुत्री विनोद कुमार ने 97.6 प्रतिशत अंकों के साथ विद्यालय टॉपर बनी। दीपिका पुत्री रमेश व यश पुत्र नरेश कुमार ने 97 अंक लेकर संयुक्त रूप से दूसरा और प्राची पुत्री सोनू, तान्या पुत्री सुनील, अंश पुत्र रविंद्र सिंह व यश पुत्र सुनील 96.8 अंकों के साथ संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर रहे। 33 छात्राओं ने मेरिट सूची में अपना नाम दर्ज करवाया। दीपिका पुत्री रमेश ने सामाजिक विज्ञान तथा विज्ञान विषय में 100 में से 100 अंक प्राप्त कर विशेष उपलब्धि हासिल की। इस अवसर पर उप प्राचार्य सूरत शर्मा और को-ऑर्डिनेटर ऋतु भारद्वाज सहित अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।



## डीबीएम स्कूल मदीना के 16 विद्यार्थियों ने मेरिट सूची में अपना नाम दर्ज करवाया

गोहाना। हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की कक्षा 10वीं की परीक्षा में डीबीएम स्कूल मदीना के 16 विद्यार्थियों ने मेरिट सूची में अपना नाम दर्ज करवाया। परीक्षा में अच्छा प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। छात्रा मानसी पुत्री दिनेश चंदर ने 92.4 प्रतिशत अंक लेकर विद्यालय को टॉप किया। परीक्षा का परिणाम शत-प्रतिशत रहने पर विद्यालय में खुशी का माहौल है। संस्थान के एमडी विकास मलिक ने विद्यार्थियों और शिक्षकों को शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर प्राचार्य जगजीत सिंह मलिक, संदीप मलिक, दीपक शर्मा, आनंद मलिक, सतीश धान्धी, सुमित कूंडू, संदीप हुड्डा, कुमारी तमन्ना व बनीता सहित अन्य शिक्षकगण उपस्थित रहे।

**सूचना**

हम, दिनेश कुमार पुत्र रामचंद्र तथा सरोज देवी पत्नी श्री दिनेश कुमार निवासी मकान नंबर-178, नजदीक रिलाईन्स टावर, गांव सैदपुर, तहसील खरखौदा, जिला सोनीपत बयान करते हैं कि हमारा पुत्र दीपक हमारे कहने-सुनने से बाहर है। इसलिये हम इसको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करते हैं। इससे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। हमारी व हमारे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## खबर संक्षेप

### अवैध पिस्तौल सहित युवक गिरफ्तार

**सोनीपत।** क्राइम यूनिट पश्चिम की पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दो अलग-अलग मामलों में दो आरोपितों को अवैध हथियारों सहित गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपितों के कब्जे से तीन देशी पिस्तौल और छह जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। पहले मामले में पुलिस ने चेतन निवासी भैंसवाल हाल इंद्रा कॉलोनी बहालगढ़ को देवीलाल पार्क के पास से गिरफ्तार किया। तलाशी लेने पर उसके पास से एक देशी पिस्तौल और दो जिंदा कारतूस बरामद हुए। वहीं दूसरे मामले में पुलिस ने गांव किशोरा मोड़ के पास विनय निवासी राठधाना को गिरफ्तार किया। उसके पिट्ठू बैग की तलाशी लेने पर दो देशी पिस्तौल और चार जिंदा कारतूस बरामद किए गए। दोनों मामलों में थाना बहालगढ़ में शस्त्र अधिनियम के तहत केस दर्ज कर लिया गया है। पुलिस ने दोनों आरोपितों को अदालत में पेश कर दो-दो दिन के पुलिस रिमांड पर लिया है।

### रॉड से हमला करने का आरोपी गिरफ्तार

**सोनीपत।** थाना सेक्टर-27 पुलिस ने लोहे की रोड से हमला कर युवक को गंभीर रूप से घायल करने के मामले में फरार चल रहे पांचवें आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की पहचान मोनिश निवासी गांव देवडू के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार 11 अप्रैल को गांव देवडू निवासी बंटी ने शिकायत दी थी कि गांव में गाली-गलौज का विरोध करने पर सोमिन उर्फ गैठी और उसके साथियों ने उस पर हमला कर दिया। आरोपितों ने लोहे की रॉड सरिया, ईंट और लात-घूंसों से हमला कर बंटी और उसके चचेरे भाई बिट्टू को घायल कर दिया था। मामले में पुलिस पहले ही जुनेद, हासिम, सोमिन उर्फ गैठी और शेख हालिम को गिरफ्तार कर चुकी थी। अब एएसआई प्रदीप की टीम ने कार्रवाई करते हुए फरार आरोपी मोनिश को भी गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की निशानदेही पर वारदात में प्रयुक्त लोहे की रॉड भी बरामद की गई है।

# जनगणना ड्यूटी में लापरवाही बरतने वाले शिक्षकों का वेतन काटने के निर्देश

■ उपायुक्त नेहा सिंह ने की समीक्षा, कर्मचारियों को नोटिस भी दिए जाएंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत



सोनीपत। बैठक में अधिकारियों को दिशा निर्देश देतीं उपायुक्त नेहा सिंह।

■ कार्य को जल्द पूरा करने को कहा

जनगणना-2027 के कार्यों में लापरवाही बरतने वाले शिक्षकों के खिलाफ जिला प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। गुरुवार को लघु सचिवालय में आयोजित समीक्षा बैठक में उपायुक्त नेहा सिंह ने जनगणना कार्य की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक के दौरान उपायुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिए कि जनगणना ड्यूटी में लापरवाही करने वाले शिक्षकों को कारण बताओ नोटिस जारी किए जाएं। उन्होंने कहा कि जिन मामलों में अत्यधिक लापरवाही पाई जाए, वहां संबंधित शिक्षकों की एक दिन की सैलरी काटने की कार्रवाई भी की जाए।उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि जनगणना देश का अत्यंत महत्वपूर्ण कार्य है, जिसे पूरी गंभीरता, पारदर्शिता और जिम्मेदारी के साथ पूरा किया जाना चाहिए। उन्होंने बताया कि जनगणना-2027 का पहला चरण 30 मई तक चलेगा, जबकि दूसरा चरण 9 फरवरी से 28 फरवरी 2027 तक आयोजित किया जाएगा। उन्होंने सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने और निर्धारित दिशा-निर्देशों का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही जिलावासियों से भी अपील की कि वे गणनाकर्ताओं को सही जानकारी देकर जनगणना कार्य में सहयोग करें। बैठक में सीटीएम सिमरन, जिला जनगणना समन्वय अधिकारी गौरव कुमार, डीईओ नवीन गुलिया, चार्ज अधिकारी कीर्ति, ललिता, सिखा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

### ड्यूटी से गैरहाजिर मिले कर्मचारी, दी चेतावनी

**गोहाना।** एसडीएम अंकित कुमार ने गुरुवार को उपमंडलीय परिसर स्थित विभिन्न सरकारी कार्यालयों का औचक निरीक्षण किया। वे निरीक्षण के लिए सायं 4:45 बजे निकले। निरीक्षण के दौरान विभिन्न विभागों से कई कर्मचारी गायब मिले। एसडीएम ने चेतावनी दी कि ड्यूटी में लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। उन्होंने समय से पहले कार्यालय छोड़ने वाले कर्मचारियों को नसीहत देते हुए कहा कि सुबह नौ से शाम पांच बजे तक कार्यालय में रहें और जनहित के लिए कार्य करें। उन्होंने कर्मचारियों की उपस्थिति, साफ-सफाई व्यवस्था, रिकार्ड और आमजन को दी जा रही सेवाओं का जायजा लिया।

# हैप्पी चाइल्ड स्कूल में मेधावी विद्यार्थियों को किया सम्मानित



सोनीपत। छात्रा को सम्मानित करतीं स्कूल की टीचर।

**सोनीपत।** हैप्पी चाइल्ड स्कूल में दसवीं और बारहवीं कक्षा के सराहनीय बोर्ड परीक्षा परिणाम के उपलक्ष्य में उत्कृष्टता पुरस्कार समारोह का भव्य आयोजन किया गया। समारोह में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों और स्टाफ सदस्यों को सम्मानित किया गया। विद्यार्थियों को नकद पुरस्कार, माल्यार्पण और सफलता की पगड़ी पहनाकर सम्मान प्रदान किया गया। दसवीं कक्षा से ऋषिता, भीषण, शिया, लक्ष्य, अंशिका, यतिका, आरती, परीशा, नंदिनी और अक्षिता को सम्मानित किया गया। वहीं बारहवीं कक्षा से सोनिया, तनिषा, वंशिका, कीर्ति, पंकज, रोहित, अंशु और पर्थ को विशेष सम्मान दिया गया। विद्यालय के चेयरमैन नरेंद्र बल्यान और प्राचार्या सुदेश बल्यान ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि ऐसे समारोह विद्यार्थियों और शिक्षकों को बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित करते हैं। अंत में उप-प्राचार्या पूजा राणा ने सभी अभिभावकों, शिक्षकों और विद्यार्थियों का धन्यवाद किया।

# महलाना नहर में बाढ़ आपदा की रिहर्सल, तीन लोगों का सफल रेस्क्यू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत



**सोनीपत।** बचाव अभियान के दौरान प्राथमिक उपचार देते बल के जवान।

मानसून सीजन के दौरान संभावित बाढ़ जैसी आपदा से निपटने की तैयारियों को परखने के लिए जिला प्रशासन ने बुधवार को गांव महलाना से गुजरने वाली नहर में व्यापक स्तर पर मॉक एक्सरसाइज आयोजित की। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण और हरियाणा राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के दिशा-निर्देशन में आयोजित इस अभ्यास में बाढ़ जैसी आपात स्थिति का वास्तविक दृश्य तैयार किया गया, जिसमें नहर में डूबे तीन लोगों का सफलतापूर्वक रेस्क्यू किया गया। उपायुक्त एवं जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की अध्यक्ष नेहा सिंह के मार्गदर्शन में आयोजित इस मॉक ड्रिल का उद्देश्य विभिन्न विभागों के बीच तालमेल, संसाधनों की उपलब्धता और आपातकालीन प्रतिक्रिया क्षमता का परीक्षण करना था। अभ्यास के दौरान लघु सचिवालय स्थित कंट्रोल रूम में सूचना प्राप्त हुई कि गांव महलाना के पास नहर में तीन व्यक्ति डूब गए हैं।

### सूचना मिलते ही पहुंची प्रशासन की टीम

सूचना मिलते ही जिला प्रशासन, एसडीआरएफ, पुलिस, स्वास्थ्य, सिंचाई, अग्निशमन और अन्य संबंधित विभागों की टीमें तुरंत सक्रिय हो गईं। एसडीआरएफ और जिला आपदा प्रबंधन की टीम ने मोटरबोट और विशेष रेस्क्यू उपकरणों की सहायता से नहर में सर्च ऑपरेशन शुरू किया। काफी मशक्कत के बाद तीनों व्यक्तियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। मौके पर मौजूद स्वास्थ्य विभाग की टीम ने घायलों को प्राथमिक उपचार दिया और एंबुलेंस के माध्यम से उन्हें गांव महलाना में बनाए गए स्टेजिंग एरिया पहुंचाया गया। वहां से आगे उपचार के लिए सिविल अस्पताल स्थित हेल्थ कंट्रोल सेंटर भेजा गया। मॉक एक्सरसाइज के दौरान लघु सचिवालय में जिला स्तरीय ऑपरेशन सेंटर स्थापित किया गया, जहां से पूरे अभियान की निगरानी की गई। गांव महलाना में स्टेजिंग एरिया बनाकर राहत एवं बचाव कार्यों में इस्तेमाल होने वाले संसाधनों और उपकरणों की तैनाती सुनिश्चित की गई। वहीं सिविल अस्पताल में विशेष हेल्थ कंट्रोल सेंटर बनाकर स्वास्थ्य सेवाओं की निगरानी की गई। पुलिस विभाग ने क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था और यातायात नियंत्रण संभाला, जबकि अग्निशमन विभाग को किसी भी आकस्मिक स्थिति से निपटने के लिए अलर्ट रखा गया।



# रामजस विद्यालय में असमित प्रथम तो हरप्रीत कौर द्वितीय रही

**सोनीपत।** रामजस वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय का कक्षा दसवीं का परीक्षा परिणाम शानदार रहा। परीक्षा में कुल 193 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया था, जिसमें से ने मैरिट हासिल की। स्कूल में असमित ने 470 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान व हरप्रीत कौर ने 461 अंक प्राप्त कर द्वितीय और मुस्कान ने 429 अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान हासिल किया। इस अवसर पर स्कूल संचालक रोशनी देवी ने सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उज्वल भविष्य की कामना की।



असमित

